हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, मंगलवार 13 अक्टूबर 2026

12 लंबित मांगों का समाधान नहीं, सांझा संघर्ष समिति बड़े...



12 देश के विकास में सीए की विशेष भूमिका : सावित्री जिंदल



खबर संक्षेप

दुकान से फोन चुराने का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। नई सब्जी मंडी स्थित दुकान की ऊपरी मंजिल से दो फोन चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से दोनों फोन बरामद कर लिए हैं। पुलिस के अनुसार, फतेहाबाद के जांडली कलां निवासी अनिल कुमार ने शिकायत दी थी कि वह नई सब्जी मंडी में दुकान नंबर 94 पर मजदूरी करता है। एक सितंबर 2026 की रात किसी व्यक्ति ने दुकान की ऊपरी मंजिल से उसके और उसके साथी के फोन चोरी कर लिए थे। चोरी हुए मोबाइल फोन में वीवो वाई-100 लाइट और ओप्पो शामिल थे। शिकायत पर एचटीएम थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की जांच के दौरान नई सब्जी मंडी पुलिस चौकी में तैनात सहायक उप निरीक्षक जगतार सिंह की टीम ने गुप्त सूचना और मिले सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हिसार की अनाज मंडी के नजदीक रहने वाले दीपक को गिरफ्तार कर लिया।

मां भगवती की चौकी और भजन संध्या आज

हिसार। डाबड़ा चौक मार्केट एसोसिएशन की ओर से 13 अक्टूबर को पहली मां भगवती चौकी व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन के प्रधान अनिल नारंग ने बताया कि एसोसिएशन पहली बार आयोजन करवा रही है जो शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इसमें श्रद्धा जागरण ग्रुप से रिंकु खुराना महामाई का गुणगान करेंगे और माता के भजनों से समां बांधेंगे। माता का दरबार सजेगा और सुबह प्रसाद वितरण व भंडारा आयोजित किया जाएगा।

उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार, जेल भेजा

हिसार। पुलिस ने अदालत के आदेशों की अवहेलना कर फरार रहने वाले उद्घोषित अपराधी कुरुक्षेत्र के लाडवा की वाआईपी कॉलोनी निवासी मोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, एम/एस टपरिया मेडिकोस बनाम एम/एस केपी मेडिकल एजेंसी एवं अन्य मामले में हिसार की अदालत ने मोहित कुमार को 5 अगस्त 2023 को पीओ घोषित किया था।

मयंक मुदगिल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पदोन्नत



हिसार। जिला पुलिस में कार्यरत एएसपी मयंक मुदगिल के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया है। एसपी सिद्धांत जैन ने उनके कंधों पर नए पद के अनुरूप अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें पदोन्नति की बधाई दी। पदोन्नति से पहले मयंक मुदगिल सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत थे। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके सफल भविष्य की कामना की।

नशे की तलाश में ताबड़तोड़ छापे, तीन तस्कर दबोचे, लाखों की हेरोइन बरामद

पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की मोटरसाइकिल और कार भी कब्जे में ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी की और लाखों का नशीली पदार्थ पकड़ा। कार्रवाई के दौरान जिले में तीन अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को हेरोइन और एक आरोपी को डोडा चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सेल ने आजाद नगर थाना क्षेत्र में पीरांवाली निवासी अमनदीप को 81 ग्राम 140 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। बरामद हेरोइन की कीमत करीब चार लाख रुपये बताई गई है। थाना एचटीएम पुलिस ने सातरोड़ खुर्द निवासी राजेश कुमार को 5 ग्राम 1 मिलीग्राम हेरोइन सहित पकड़ा, जिसकी कीमत करीब 25 हजार रुपये है। इसके अलावा थाना आदमपुर पुलिस ने मोड़ाखेड़ा नाके पर एक कार से 707 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद कर कैथल जिले के उझाना निवासी दर्शन सिंह को गिरफ्तार किया। नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने आजाद नगर थाना क्षेत्र में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के नजदीक कार्रवाई की।



अमनदीप के पास मिली 81 ग्राम से ज्यादा हेरोइन

एंटी नारकोटिक सेल प्रभारी पीएसआई प्रदीप ने बताया कि उनकी टीम आर्य नगर पुल के नीचे गश्त और अपराध पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोटरसाइकिल सवार पीरांवाली निवासी अमनदीप को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से 81 ग्राम 140 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने मोटरसाइकिल भी कब्जे में ले ली। आरोपी के खिलाफ आजाद नगर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड मिला। इस दौरान उससे नशे की खरीद-फरोख्त और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की गई।

गश्त के दौरान मिली सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

दूसरे मामले में एचटीएम थाना पुलिस ने सेक्टर 1/4 पुल के पास से सातरोड़ खुर्द निवासी राजेश कुमार को 5 ग्राम 1 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। सब इंस्पेक्टर दिनेश कुमार की टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया गया। पुलिस के अनुसार, बरामद हेरोइन की कीमत करीब 25 हजार रुपये है। आरोपी के खिलाफ एचटीएम थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। तीसरे मामले में आदमपुर पुलिस ने मोड़ाखेड़ा नाके पर वाहनों की जांच के दौरान काले रंग की सनी कंपनी की कार को शक के आधार पर रुकवाया। सहायक उप निरीक्षक रोहताश की टीम ने कार की तलाशी ली तो उसमें से 707 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने कार सवार कैथल जिले के उझाना निवासी दर्शन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ थाना आदमपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

सातरोड़ के महेश हत्याकांड में आरोपी पत्नी गिरफ्तार

भाई की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया था केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



नजदीकी गांव सातरोड़ में 42 वर्षीय महेश की मौत के मामले में पुलिस ने उसकी पत्नी सीमा को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी महिला को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी, ताकि मामले से जुड़े तथ्यों का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले के प्रत्येक पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और सामने आने वाले तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिकायत में उसने बताया कि उसका भाई महेश गांव सातरोड़ में पत्नी और बच्चों के साथ किराये के मकान में रहता था। महेश और उसकी पत्नी सीमा के बीच अक्सर घरेलू विवाद होता रहता था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसे अपने भाई की मौत की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर महेश फोल्डिंग पर मृत अवस्था में लेटा हुआ मिला। सुरेश के अनुसार उसे जानकारी मिली थी कि रात को महेश और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हुआ था। उसने संदेह जताया कि सीमा ने चोटें मारने और गला दबाने से उसके भाई की हत्या की है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। अब मृतक की पत्नी सीमा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच करेगी। पुलिस के अनुसार, जांच में सामने आने वाले तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



सामान्य से 4.3 डिग्री कम दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान

पर्वतीय से मैदानी इलाकों के मौसम में भी ठंडक घुली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार व आसपास के क्षेत्र में आमतौर पर मौसम परिवर्तनशील बना हुआ है। सम्पूर्ण इलाके बादलों की आवाजाही देखने को मिल रही है। दिन के पारे के साथ अब रात्रि के पारे में भी भारी गिरावट देखने को मिला है। सोमवार को रात्रि पारा 19.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि रविवार के मुकाबले 4.1 कम है। रविवार को न्यूनतम पारा 23.3 डिग्री सेल्सियस रहा था। जहां तक अधिकतम पारा का सवाल है तो रविवार की तुलना में अधिकतम पारे में सोमवार को वृद्धि दर्ज की गई। रविवार को दिन का पारा 28.4 डिग्री सेल्सियस था जो सोमवार को बढ़कर 31.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। दिन के पारे में वृद्धि होने के बावजूद अभी भी यह सामान्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस कम है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हवाओं की दशा और दिशा में बदलाव से हरियाणा में तापमान में उतार चढाव देखने को मिल रहा है। पश्चिमी हवाओं के स्थान पर दक्षिणी पूर्वी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

इस वर्ष अल-नीनो परिस्थितियों के कारण हरियाणा में मानसून की परफॉरमेंस कमजोर रही, जिससे मानसूनी बारिश के आंकड़े सामान्य से नीचे रहे। मानसून की विदाई के बाद से लगातार तापमान में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। पिछले दिनों सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के उत्तरी जिलों में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश और कुछ स्थानों पर छिटपुट ओलावृष्टि दर्ज की गई। वहीं, पश्चिमी जिलों में भी बिखराव वाली हल्की बारिश व बूंदाबांदी हुई। सोमवार अल सुबह तक दक्षिणी जिलों सहित एनसीआर-दिल्ली के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बूंदाबांदी दर्ज की गई, जिससे पर्वतीय क्षेत्रों से लेकर मैदानी इलाकों तक ठंडक घुल गई है।

14 से 16 अक्टूबर तक फिर बदलेगा मौसम

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि आने वाले दिनों में हरियाणा में मौसम लगातार परिवर्तनशील बना रहेगा। एक पश्चिमी विक्षोभ के आगे निकलने के बाद सोमवार और 14 अक्टूबर को बैक-टू-बैक दो नए पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहे हैं। इन विक्षोभों के प्रभाव से 14 से 16 अक्टूबर के दौरान मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। हालांकि, ये दोनों पश्चिमी विक्षोभ अपेक्षाकृत कमजोर बताए जा रहे हैं, जिसके चलते राज्य में भारी बारिश की बजाय केवल बादलों की आवाजाही, तेज गति की हवाओं और कुछेक स्थानों पर छिटपुट हल्की बूंदाबांदी की ही संभावना है। बार-बार हवाओं की दिशा बदलने से तापमान में यह उतार-चढ़ाव आगे भी जारी रहेगा।

चोरी का आरोपी पकड़ा पांच बाइक भी बरामद

हिसार। शहर के जिंदल चौक के पास आई-क्यू अस्पताल के नजदीक दुकान के बाहर से बाइक चोरी के मामले में अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के दौरान कुल 5 चोरीशुदा बाइक बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार, गांव रावतखेड़ा निवासी रोहित ने शिकायत दी थी कि 16 अगस्त की रात जिंदल चौक के पास आई-क्यू अस्पताल के नजदीक स्थित उसकी दुकान के बाहर खड़ी हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल को कोई चोरी कर ले गया। शिकायत पर केस दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू की। मामले की जांच के दौरान थाना अर्बन एस्टेट पुलिस की टीम ने हेड कांस्टेबल नरेंद्र व अन्य कर्मचारियों की मदद से आरोपी हांसी जिले के भाटोल रागड़ान गांव के अमित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसके कब्जे से कुल पांच चोरीशुदा बाइक बरामद की गईं।

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया शिलान्यास

- शहीदों का सम्मान और शहरों का विकास सरकार की प्राथमिकता : गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिटी पार्क शहीद स्मारक का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के विकास के साथ-साथ देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के सम्मान को भी प्राथमिकता दे रही है। सिटी पार्क और शहीद स्मारक का निर्माण बरवाला के विकास को नई दिशा देने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि सिटी पार्क शहरवासियों के लिए स्वच्छ, सुंदर और हरित वातावरण का केंद्र बनेगा। इससे लोगों को सुबह-शाम सैर करने, योग एवं व्यायाम करने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थान मिलेगा। पार्क के विकसित होने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब वहां नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ स्वच्छ वातावरण, हरियाली और मनोरंजन के उचित साधन उपलब्ध हों। ऐसी परियोजनाएं न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि लोगों को प्रकृति के करीब आने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का अवसर भी प्रदान करती हैं।

बरवाला में बनेगा सिटी पार्क शहीद स्मारक, 3.5 करोड़ आएगी लागत



कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, नगर परिषद चैयरमेन रमेश बैटरीवाला, चेयरमैन मार्केट कमेटी प्रवीण सैनी, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, मुनीष गोयल, कोषाध्यक्ष अशोक मित्तल, महेश शर्मा, मोनू सन्दूजा, देवेंद्र देव शर्मा, पवन शर्मा, शहीद भगत सिंह यादगार ट्रस्ट के प्रधान मोहन लाल, सुरेश गोयल, पार्षद सूमन नौथावत, पार्षद सतबीर सैनी, सत्यवान बालक, ज्योति बंसल, रामकेश बंसल, कमल, रामपाल खटक संजय सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

साउथ बाइपास व शहर के प्रमुख बाजारों में हटाए कब्जे

यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने और जाम से राहत दिलाने के उद्देश्य से निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और आम जनता को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान को और तेज कर दिया है। मेयर प्रवीण पोपली के निर्देशों और अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा के मार्गदर्शन में सोमवार को निगम की टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में ताबड़तोड़ कार्रवाई की।

निगम के अतिक्रमण विरोधी अभियान की शुरुआत सोमवार को फव्वारा चौक से लेकर साउथ बाइपास तक की गई। टीम ने साउथ बाइपास पर सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाया और नियमों का उल्लंघन करने वालों का सामान भी जब्त किया। इसके अलावा टीम ने तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला और बस स्टैंड से लेकर सिरसा चुंगी तक मुख्य मार्गों पर भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई को अंजाम दिया।



जानिए... टीम ने किन प्रमुख बाजारों में चलाया अभियान

तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में निगम टीम ने शहर के कई व्यस्त बाजारों का रुख किया, जहां दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को दुरुस्त कराया गया। राजगुरु मार्केट में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर बरामदों में रखे गए सामान को दुकान की निर्धारित परिधि के भीतर करवाया गया। इसके अलावा पूजा मार्केट, बाला मार्केट, पुल तेलियान मार्केट, बिश्नोई मंदिर मार्केट और सुभाष मार्केट में भी विशेष रूप से जांच और कार्रवाई की गई।

स्टॉल की योजना बनने तक तय सीमा में ही रखें सामान : इंचार्ज

तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है कि त्योहारी सीजन को लेकर जब तक नगर निगम द्वारा स्टॉल लगाने की कोई आधिकारिक योजना नहीं बनाई जाती, तब तक सभी दुकानदार अपना सामान केवल अपनी दुकान की परिधि के अंदर ही रखें। उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदार बरामदों में या सड़क पर सामान बिल्कुल न रखें। यदि इसके बाद भी नियमों की अनदेखी पाई जाती है, तो निगम टीम द्वारा बिना किसी पूर्व चेतावनी के सामान जब्त कर लिया जाएगा और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

हकृवि ने निजी कंपनी से किया समझौता

उन्नत किस्मों से बढ़ेगी सरसों की पैदावार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने अपने वैज्ञानिकों द्वारा विकसित सरसों की उन्नत किस्मों को अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनी साहिब सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, घरौंडा, करनाल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय की सरसों की उन्नत किस्मों आरएच 1975 और आरएचएच 2101 के बीज किसानों तक पहुंचाने की दिशा में काम किया जाएगा।



कुलपति की मौजूदगी में हुआ समझौता

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि हकृवि के वैज्ञानिक लगातार फसलों की उन्नत किस्में विकसित कर रहे हैं। इन किस्मों को किसानों तक पहुंचाने के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों के साथ समझौते किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध करवाकर प्रदेश और देश के कृषि उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी। समझौता ज्ञापन पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। साहिब सीड्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से कंपनी के निदेशक सुभाष खुराना व विश्वविद्यालय की ओर से अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

ये हैं नई किस्मों की खूबियां

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि सरसों की आरएच 1975 किस्म की औसत उपज 11 से 12 क्विंटल प्रति एकड़ है, जबकि इसकी उत्पादन क्षमता 14 से 15 क्विंटल प्रति एकड़ तक है। इस किस्म में तेल की मात्रा लगभग 39.5 प्रतिशत है। अधिक पैदावार और तेल की अच्छी मात्रा के कारण यह किस्म किसानों के लिए उपयोगी है। डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि सरसों की आरएचएच 2101 किस्म लगभग 142 दिन में पककर तैयार हो जाती है। इसकी औसत उपज 28 से 30 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक है। इस किस्म में शाखाओं की संख्या अधिक होती है और प्रति फली दानों की संख्या भी ज्यादा होती है, जिससे इसकी उत्पादन क्षमता बेहतर रहती है। इसके दाने मध्यम आकार के होते हैं और इनमें लगभग 40 प्रतिशत तेल की मात्रा पाई जाती है।

हांसी में भाजपा महिला मोर्चा ने फूंका राहुल का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की 11 छात्राओं की शिकायतों से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले को लेकर सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव डॉ. दिव्या सेठी के नेतृत्व और जिला अध्यक्ष नीलम देवी जांगड़ा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंका और कांग्रेस नेतृत्व से मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के इस्तीफे और उन्हें पार्टी से निष्कासित करने की मांग भी उठाई।

- सांसद अंगोमचा के इस्तीफे और निष्कासन की मांग उठाई
- जेएनयू की 11 छात्राओं से जुड़े मामले पर कांग्रेस नेतृत्व घेरा



कहा- कांग्रेस नेतृत्व महिला सम्मान के मुद्दे पर अपना रहा दोहरे मापदंड

प्रदर्शन के दौरान डॉ. दिव्या सेठी ने कांग्रेस नेतृत्व पर महिला सम्मान के मुद्दे पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा से मामले में स्पष्ट रुख सामने रखने की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा से जुड़े मामलों में राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही भी महत्वपूर्ण है। मामले की पृष्ठभूमि में जेएनयू की आंतरिक समिति की जांच के बाद 9 अक्टूबर को संबंधित प्रोफेसर की विश्वविद्यालय सेवा से बर्खास्तगी और 11 अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज किए जाने का उल्लेख किया गया। मामले में पुलिस जांच जारी है। सांसद ने आरोपों और कार्रवाई की प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

रोहतक, मंगलवार
13 अक्टूबर 2026

10

हरिभूमि

नवरात्र विशेष

सहेली



मांगें मन की शक्ति संग जीवन संवारने का आशीष

आत्मशक्ति के आह्वान का, चेतना को जाग्रत करने का पर्व नवरात्र आरंभ हो चुका है। इन दिनों का भव्य, दिव्य परिवेश न केवल हमें मां शक्तिस्वरूपा का सान्निध्य पाने का अवसर देता है, अपने जीवन को नई ऊर्जा से भरने के लिए भी प्रेरित करता है। आइए इन नवरात्रों में हम सब मां भगवती से आत्मशक्ति के जागरण के साथ अपने जीवन को संवारने का भी आशीष मांगें। ताकि घर-परिवार से लेकर समाज में सकारात्मकता का संचार हो।

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दो दिन से हर ओर मां आदिशक्ति के जयकारे गूंज रहे हैं। मातृशक्ति के समक्ष पूरा समाज नतमस्तक है। बहुत से घरों में घट स्थापना के बाद नियमित पूजन-अर्चन हो रहा है। कहीं गरबा का उल्लास तो कहीं किसी एक कोने में भक्तिभाव से मां की प्रार्थना में रत मन। शक्ति को साधने का उत्सव कहे जाने वाले नवरात्र पर्व की छटा आम जीवन में ही नहीं, आत्मा में भी उतरती है। हर कोई अपनी ऊर्जा का समर्पण कर मां दुर्गा से यह आह्वान करता दिखता है कि शक्ति स्वरूपा नई शक्ति और सोच का संचार करें। घर-परिवार ही नहीं, समग्र संसार में सुख-शांति बनी रहे। मां का आशीर्वाद जिंदगी को सही दिशा में गतिमान रखे। भगवती का आशीष, सोच-समझ में सकारात्मकता के रंग भर दे। असल में बच्चे हों या बड़े, ऊर्जा और अनुभूतियों का यही भाव जीवन से जोड़ता है। समझना जरूरी है कि इस सहजता और सकारात्मकता के साथ ही मां दुर्गा की आराधना ममता, क्षमा, स्वाभिमान और न्याय का भाव भी लिए है। तभी तो उपासना के ये नौ दिन, परंपरागत रंगों के साथ ही मानवीय सोच और मन को मजबूत बनाने का सुंदर अवसर भी हैं। शक्ति स्वरूपा भगवती, जीवन के हर पहलू को संवारने का विचार जगाने वाली हैं। हर बुराई का प्रतिकार करने की हिम्मत देने वाली हैं। स्त्रियों के मन-जीवन से ऐसे भाव गहराई से जुड़े होते हैं। महाशक्ति देवी भगवती की उपासना कर, हर स्त्री अपने सामर्थ्य को पहचानने का आशीष मांगे। अपने जीवन के रण में स्वयं शक्ति स्वरूपा बनें।



मन की शक्ति को समझिए

नवरात्र का महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए अपनी ही असीम शक्तियों से हमारा परिचय पाने का समय होता है। ये नौ दिन मन-जीवन को नया-सा कर जाते हैं। ऐसे में मां का आह्वान कर हर स्त्री जीवन की परिस्थितियों से जूझने का साहस और संबल जुटा सकती है। मां अंबे की साधना करते हुए उनके शक्तिस्वरूपा और जाग्रत रूप को अपने भीतर सहेजते हुए बेहतरी की ओर बढ़ने का प्रण ले सकती हैं। मन और मस्तिष्क के लिए नई ऊर्जा उपार्जित कर सकती हैं। उम्र के हर मोड़ पर महिलाएं कई मोर्चों पर एक साथ जूझती हैं। आर्थिक संकट से लेकर अपनों की संभाल-देखभाल तक, फिक्र के फेर में फंसी रहती हैं। भारतीय परिवेश में तो महिलाएं हौसले और हिम्मत से हर संकट का सामना करते हुए आगे बढ़ी हैं और बढ़ रही हैं। माना भी जाता है कि स्त्री हर संकट से जूझने का हौसला जुटा ही लेती है। यह अवसर इस शक्ति को और निखारने का अवसर होता है, क्योंकि नारी की प्रखरता और शक्ति सामर्थ्य का नाम ही मां दुर्गा है। नौ दिनों का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व हर स्त्री को समझाता है कि प्रकृति ने उसे सहज-सरल ही नहीं बनाया, जरूरत पड़ने पर हर मुसीबत से लड़ जाने का माद्दा भी दिया है। मां भगवती का पूजन-अर्चन अपने सामर्थ्य को सहेजने और मुसीबतों के आगे मोर्चा संभालने की शक्ति का आह्वान करना ही तो है। इन नौ दिनों में मां का वंदन करते हुए अपने भीतर की इस शक्ति को पहचानने का प्रयास भी हर स्त्री अवश्य करे।

सजग-जागरूक बनिए

मां दुर्गा का रूप भारतीय स्त्री के आत्मविश्वास से दमकते मुखमंडल का प्रतीक है। मातृ-शक्ति के रूप में पोषक और चेतनामयी रूप में सजगता और जागरूकता का प्रतिबिंब। स्त्री जीवन में हर मोर्चे पर सजगता और जागरूकता अहम है। असल में देखा जाए, तो महिलाओं में जिंदगी के हर पहलू को लेकर चेतना संपन्न सोच होनी ही चाहिए। अधिकारों के लिए जागरूकता और सुरक्षित जीवन के लिए सजगता आवश्यक है। भारत ही नहीं, संसार के हर हिस्से में सशक्त बनने और बने रहने की एक जरूरी शर्त जागरूक और सजग रहना ही है। हर जगह नियम-कानूनों की जानकारी रखना ही, तो सुरक्षा और सम्मान के हालात बनाता है। इतना ही नहीं जिंदगी से जुड़ी दूसरी रूढ़ियों को लेकर मुखरता और संकीर्ण विचारों का विरोध करने का धरातल भी सही जानकारी ही बनाती है। आप गृहिणी हों या काम-काजी, हर महिला के लिए किसी सार्थक और सकारात्मक पहल का हिस्सा बनने या अपने जीवन को बेहतर बनाने का पहला पड़ाव जागरूक रहना ही है। नवरात्र में मां दुर्गा से भी अपनी चेतना को पोषित करने का आशीष मांगा जाता है। शक्ति उपासना के इस पर्व पर हर स्त्री अपने अंतर्मन की शक्ति को साधने और जागरूक रहने का बल जुटाए। एक चेतना से संपन्न स्त्री ही सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक



सरोकारों के प्रति जागरूक हो सकती है। समाज में फैली कुप्रथाओं के विरुद्ध लड़ने का संबल जुटा सकती है। यह अपने सामर्थ्य को पहचानने की दिशा में सबसे पहला कदम है।

साथ-स्नेह के मायने समझिए

आदि शक्ति की उपासना का पर्व नवरात्र, महिलाओं के मन और जीवन में झलकती नई ऊर्जा, नई चेतना को भी प्रतिबिंबित करता है। इस चेतनामयी बल के दम पर स्त्रियां आत्मविश्वासी और मुखर बनकर ना केवल हर मुसीबत से जूझ सकती हैं बल्कि औरों का सहारा भी बन सकती हैं। स्वयं मां दुर्गा ने भी कई बार देवताओं के कष्ट हरे हैं। शक्ति पूजा के बाद श्रीराम को जीत का आशीष भी आदिशक्ति ने ही दिया था। स्त्रियां भी साझी सोच के साथ हर संकट का मुकाबला कर सकती हैं। एक दूजे का संबल बन सकती हैं। इसीलिए किसी की पीड़ा भी बांटें और संबल भी दें। परेशानी के दौर में किसी का साथ दें और कामयाबी के समय सराहना भी करें। अपने सपनों को पूरा करने के हौसले के साथ ही दूसरों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का मानस भी जरूरी है। अपनी नेतृत्व क्षमता और योग्यता पर भरोसा रखते हुए आगे बढ़ती जाएं। सशक्त होने का अर्थ यही है कि हम खुद को मजबूती से थामते हुए दूसरों को कुछ देना भी सीखें। स्त्री मां के रूप में मात्र जीवन नहीं देती है, अपने बच्चों को मनुष्यता का पाठ पढ़ाकर समाज को जिम्मेदार नागरिक भी देती है। वो स्वयं को कभी कम ना आंके। शक्ति के उपार्जन का यह पर्व मातृ-शक्ति की उपासना को सर्वोच्च दर्जा देता है। यूं भी भारतीय संस्कृति में मातृ-शक्ति को प्राणशक्ति माना गया है और उसका स्थान सबसे ऊपर है। इसीलिए इस पर्व पर हर महिला खुद सृजन शक्ति के सही अर्थ को समझे। अपने उस सामर्थ्य को पहचाने, जो उसे प्रकृति ने दिया है। स्त्रियां इसी सामर्थ्य के बल पर साथ-संबल का परिवेश बना सकती हैं। ईर्ष्या, स्पर्धा और असुरक्षा की भावना से दूर अपनी और दूसरी स्त्रियों की बेहतरी के लिए प्रयास करने का आशीष मांगना ही सही मायने में मां शक्ति के वंदन करने का भाव है।

पर्व एक बहुत बड़ा अवसर होते हैं, अपनी संस्कृति-परंपरा से जुड़ने का। बच्चों को नवरात्र से जुड़े विधि-विधान बताएं और उन्हें अपनी परंपरा-संस्कृति से जोड़ें। इसके लिए आप कुछ बातों पर ध्यान दें।

नवरात्र में बच्चों को जोड़ें अपनी संस्कृति-परंपरा से

बच्चे और आप

निकिता चौहान



नवरात्र आरंभ चुके हैं। लोग बड़ी आस्था के साथ मां दुर्गा की पूजा-पाठ में व्यस्त हैं। भजन-कीर्तन चल रहे हैं। जगह-जगह माता की चौकी सजी हुई है। वहीं दूसरी तरफ गरबा-डांडिया भी आरंभ हो रहे हैं। बड़े-छोटे सभी इस उत्सवी माहौल में उमंगित हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि पर्व बच्चों को अपनी संस्कृति-परंपराओं से जोड़ने का एक अच्छा अवसर होते हैं। बच्चे सिर्फ पूजा के समय साथ बैठाने से अपनी संस्कृति-परंपराओं से परिचित नहीं हो सकते। उन्हें पूजा की तैयारी, भजन, प्रसाद और नवरात्र से जुड़ी अन्य गतिविधियों में सम्मिलित करना जरूरी है। इससे वे त्योहार का मतलब सही ढंग से समझेंगे, खुशी के साथ नवरात्र पर्व का हिस्सा बनेंगे।

पूजा की तैयारी में दें छोटी जिम्मेदारियां: बच्चों को नवरात्र पूजा की तैयारी में अवश्य शामिल करें। छोटे बच्चे, फूल सजाने और पूजा की थाली लगाने में मदद कर सकते हैं। बड़े बच्चे रंगोली बना सकते हैं या पूजा की जगह सजाने में सहायता कर सकते हैं। इससे उनके भीतर मां दुर्गा के प्रति आस्था और भक्ति के भाव जागेंगे।



नौ दिन-नौ कहानियां: बच्चों को हर दिन मां के एक स्वरूप की कहानी अवश्य सुनाएं। कहानी के साथ उससे मिलने वाली सीख भी बताएं, जैसे किसी दिन माता के साहस की बात करें, तो किसी दिन दया-करुणा और धैर्य की। इस तरह बच्चे मां की कथाओं से प्रेरणा लेंगे।

बच्चों के सवालों का जवाब दें: बच्चे बहुत ही जिज्ञासु होते हैं। वे पूछते हैं कि नवरात्र नौ दिन क्यों मनाई जाती है? कन्या पूजन क्यों होता है? मां के अलग-अलग स्वरूप क्यों हैं? बच्चों के सवालों को कभी टालें नहीं। उन्हें आसान भाषा में जवाब दें। जब बच्चों को किसी परंपरा की वजह समझ आती है, तो वे उसे आसानी से अपना पाते हैं।

प्रसाद बनाने में मदद लें: नवरात्र पूजन का प्रसाद और फलाहार बनाते समय बच्चों को भी साथ रखें। वे फल काटने, मेवा रखने या प्रसाद की प्लेट लगाने में मदद कर सकते हैं। इस दौरान उन्हें यह भी बताएं कि नवरात्र में अलग-अलग जगहों पर कौन-कौन से पारंपरिक पकवान बनाए जाते हैं।

गरबा-डांडिया में हो बच्चों की भागीदारी: बच्चों को नवरात्र की पूजा और परंपराओं से जोड़ने के साथ ही गरबा और डांडिया के बारे में भी बताएं। उन्हें इन कार्यक्रमों में ले जाएं, इनका हिस्सा बनाएं। इससे वे गरबा और डांडिया की संस्कृति का महत्व समझेंगे।

कन्या पूजन का मतलब बताएं: अष्टमी या नवमी पर कन्या पूजन के दौरान बच्चों को जरूर साथ में रखें। कन्याओं के स्वागत, भोजन और प्रसाद की तैयारी में उनकी मदद लें। उन्हें समझाएं कि कन्याओं का सम्मान जरूरी है। सम्मान सिर्फ त्योहार के दिन नहीं, बल्कि साल के प्रत्येक दिन होना चाहिए।

बच्चों को दें उनकी पसंद का काम: बच्चों को पूजा और परंपराओं से जोड़ते समय इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें उनकी नापसंद का काम ना सौंपे, उन्हें उनकी पसंद के काम में शामिल करें। किसी को सजावट करना पसंद है, तो उसे सजावट करने दें और प्रसाद बांटना पसंद है, तो उसे यह जिम्मेदारी दें।

बड़े प्रयास की जरूरत नहीं: बच्चों को परंपराओं से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास की जरूरत नहीं है। उन्हें बस त्योहार का हिस्सा बनाना है। जब बच्चे पूजा की थाली सजाएंगे, दादी-नानी से कहानी सुनेंगे, परिवार के साथ गरबा करेंगे और प्रसाद बांटेंगे, तो नवरात्र उनके लिए परिवार के साथ बिताया एक यादगार समय बन जाएगा। वे अपनी परंपरा-संस्कृति से जुड़ेंगे।

डाइट सजेशन

डॉ. आस्था शर्मा
सीनियर डाइटीशियन

नवरात्र में कई महिलाएं नौ दिनों का व्रत रखती हैं। लेकिन व्रत पूरे करने के बाद डाइट में अचानक बदलाव करने से पाचन तंत्र पर असर पड़ सकता है। ऐसे में धीर-धीरे नॉर्मल डाइट में वापसी करनी चाहिए। इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

व्रत के बाद न बरतें लापरवाही ऐसे करें नॉर्मल डाइट में वापसी



नवरात्र व्रत के दौरान कई महिलाएं नौ दिनों तक फलाहार या सीमित आहार का पालन करती हैं। इन दिनों आप भी ऐसा कर रही होंगी। लेकिन व्रत खत्म होने के बाद अचानक भारी, तला-भुना और ज्यादा मीठा खाना शुरू कर देना, शरीर के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। इससे गैस, पेट फूलना, कब्ज, एसिडिटी, थकान और ब्लड शुगर में उतार-चढ़ाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में व्रत के बाद शरीर को किसी 'क्रैश डिटॉक्स' की नहीं, बल्कि संतुलित और धीरे-धीरे सामान्य डाइट में लौटने की जरूरत होती है। व्रत के बाद शरीर को डिटॉक्स करने के नाम पर जूस डाइट, केवल फल खाने या लंबे समय तक खाना छोड़ने की जरूरत नहीं है। व्रत के बाद सबसे जरूरी है कि हम शरीर को पर्याप्त पानी, प्रोटीन, फाइबर और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स दें और सामान्य डाइट में धीरे-धीरे वापस आएं।

व्रत के बाद डाइट प्लानिंग: व्रत खोलने के तुरंत बाद बहुत ज्यादा खाना खाने से बचें। शुरुआत हल्के और आसानी से पचने वाले भोजन से करें। खिचड़ी, दही, चावल, मूंग दाल, सब्जियां, सूप या हल्का घर का बना भोजन बेहतर विकल्प हो सकते हैं। अगले कुछ दिनों में सामान्य संतुलित डाइट को धीरे-धीरे अपने रूटीन में शामिल किया जा सकता है।



लें प्रोटीन रिच डाइट: अगर व्रत के दौरान प्रोटीन का सेवन कम रहा है, तो व्रत के बाद इसकी भरपाई करना जरूरी है। डाइट में दाल, पनीर, दही, दूध, सोया, चना और अन्य प्रोटीन स्रोत शामिल करें। पर्याप्त प्रोटीन शरीर की मांसपेशियों को बनाए रखने और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करता है।

पानी और फाइबर बढ़ाएं: व्रत के दौरान पानी और फाइबर का सेवन कम होने से कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो सकती है। दिनभर पर्याप्त पानी पिएं और धीरे-धीरे सलाद, फल, सब्जियां, साबुत अनाज और दालों को डाइट में शामिल करें। फाइबर अचानक बहुत ज्यादा बढ़ाने के बजाय इसकी मात्रा धीरे-धीरे बढ़ाना बेहतर है।

इन फूड्स से बनाएं दूरी: व्रत खत्म होते ही मिठाइयां, तली-भुनी चीजें, नमकीन, प्रोसेस्ड फूड, ज्यादा मसालेदार भोजन और शुगर युक्त ड्रिंक्स का अधिक सेवन न करें। लंबे समय तक कम कैलोरी लेने के बाद अचानक बहुत ज्यादा कैलोरी लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है।

सबसे इफेक्टिव है बैलेंस डाइट: व्रत के दौरान कम खाने और व्रत खत्म होने के बाद ज्यादा खाने, दोनों से बचना चाहिए। अपनी मील प्लेट में प्रोटीन, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा का संतुलन रखें। शरीर को सामान्य रुटीन में लौटने के लिए जल्दबाजी न करें। यदि लगातार कमजोरी, चक्कर, उल्टी, गंभीर पेट की समस्या हो या फिर ब्लड शुगर कंट्रोल में नहीं रहता हो, तो डॉक्टर या डायटीशियन की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

डिटॉक्स के लिए क्या करें: डिटॉक्स के लिए महंगे डिटॉक्स ड्रिंक्स या सप्लीमेंट्स जरूरी नही हैं। पर्याप्त पानी, संतुलित भोजन, अच्छी नींद और रोजाना शारीरिक गतिविधि ही शरीर को रिकवर करने के लिए पर्याप्त आधार देती है। व्रत के बाद रोजाना 20-30 मिनट की हल्की वॉक से शुरुआत की जा सकती है। यदि आप नियमित व्यायाम करती हैं, तो धीरे-धीरे अपनी सामान्य एक्सरसाइज रुटीन में लौट सकती हैं।

प्रस्तुतिः निशि

मेकअप

निधि गोयल

ऐसे करें मेकअप-मेंटेन रहेगा ग्लो

नवरात्र में गरबा नाइट में घंटों डांस और मस्ती के बीच आपका लुक भी परफेक्ट रहना चाहिए। लेकिन पसीने की वजह से मेकअप जल्दी खराब हो सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मेकअप करते समय सही प्रोडक्ट्स अप्लाई करें और कुछ आसान स्टेप्स को भी फॉलो करें। इससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहेगा और आप पूरी रात फ्रेश और खूबसूरत नजर आएंगी।



सबसे पहले मॉयश्चराइजर: सबसे पहले त्वचा को साफ करना जरूरी है। इसके लिए माइल्ड फेस वॉश के जरिए चेहरे को अच्छी तरह साफ कर लें। फिर चेहरे को मॉयश्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा पर नमी बनी रहेगी, साथ ही मेकअप ज्यादा ड्राय नजर नहीं आएगा। साथ ही मेकअप बेहतर तरीके से हो पाएगा। इसके बाद प्राइमर का इस्तेमाल करें, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो मैटिफाइंग प्राइमर लगाएं, खासकर माथे, नाक और ठुड्डी के आसपास। ड्राय स्किन के लिए हाइड्रेटिंग प्राइमर बेहतर विकल्प हो सकता है।

ज्यादा हैवी बेस लगाने से बचें: अगर आप चाहती हैं कि गरबा करते हुए आपको मेकअप अट्रैक्टिव नजर आए, तो बहुत ज्यादा मेकअप करने से बचें। गरबा में घंटों डांस करना हो, तो चेहरे पर फाउंडेशन की मोटी परत लगाने से बचें। हल्का और लॉन्ग-वेयर बेस चुनें और जहां जरूरत हो, वहीं कंसीलर लगाएं। ज्यादा प्रोडक्ट लगाने पर पसीने के साथ पैची नजर आ सकता है।



वॉटरप्रूफ आई मेकअप: पसीने से आपका मेकअप मेल्ट न हो, इसके लिए आंखों पर वाटरप्रूफ आई मेकअप करें। इससे आपका मेकअप जल्दी से खराब नहीं होगा। बेहतर होगा कि आप वाटरप्रूफ काजल, आईलाइनर और मस्कारा चुनें।

टी-जोन को करें हल्का सेट: मेकअप के बाद ट्रांसलूसेंट या सेटिंग पावडर से खासतौर पर टी-जोन को हल्का सेट करें। इससे एक्सट्रा ऑयल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा पावडर लगाने से चेहरा केकी दिख सकता है। इसलिए बहुत ज्यादा पावडर लगाने से बचें।

लॉन्ग-लास्टिंग लिपस्टिक: पसीना आने पर लिपस्टिक भी होंठों पर लंबे समय तक स्टे नहीं कर पाता है, तो ऐसे में जरूरी है कि बार-बार लिपस्टिक के टचअप से बचने के लिए मैट या ट्रांसफर-रेजिस्टेंट लिक्विड लिपस्टिक चुनें। लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को मॉयश्चराइज करें और लिप लाइनर का इस्तेमाल करें।

(ब्यूटीशियन साधना शर्मा से बातचीत पर आधारित)

डेकोरेशन

रजनी अरोड़ा

घर की सजावट हो अलग-आकर्षक

नवरात्र शुरू हो चुके हैं। आप इन दिनों अपने घर को कुछ अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हम आपको कुछ ऐसे यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आप अपने घर को आकर्षक अंदाज में डेकोरेट कर सकती हैं।







नवरात्र और आने वाले त्योहारों के लिए आप अपने घर को अलग अंदाज में जरूर सजाना चाहेंगी। हर बार वही पुरानी झालरें लगाने के बजाय इस बार घर थोड़ा क्रिएटिव तरीके से सजाइए। थोड़ी-सी मेहनत और कुछ खूबसूरत आइडियाज से घर का कोना-कोना त्योहारों की चमक से जगमगा उठेगा।

नौ रंगों के दुपट्टों से सजाएं दीवार: नवरात्र के नौ रंगों को घर की सजावट में शामिल करना इस बार कुछ अलग और खूबसूरत आइडिया हो सकता है। स्ट्रिंग लाइट्स की जगह नौ अलग-अलग रंगों के दुपट्टे या रंगीन कपड़े दीवार, दरवाजे या पूजा स्थल के पीछे लगाएं। इन्हें अलग-अलग ऊंचाई पर सजाने से दीवार को आकर्षक लुक मिलेगा। यह सजावट गरबा नाइट की तस्वीरों के लिए सुंदर बैकड्रॉप का काम भी करेगी।

गेंदे और आम के पत्तों का तोरण: त्योहारों में फूलों और पत्तों से बनी सजावट हमेशा खास लगती है। घर के मुख्य दरवाजे पर गेंदे के ताजे फूलों और आम के पत्तों से बना तोरण लगाएं। चाहें तो इसमें छोटे शीशे, मोती या रंगीन धागे भी जोड़ सकती हैं। इससे घर के प्रवेश द्वार पर पारंपरिक रंग और फूलों की खुशबू दोनों नजर आएंगे।

रंगोली बने आकर्षण का केंद्र: रंगोली को सिर्फ दरवाजे के पास छोटी-सी सजावट तक सीमित न रखें। इस बार इसे थोड़ा बड़ा बनाकर घर की सजावट का मुख्य आकर्षण बनाएं। रंगीन चावल, फूलों की पंखुड़ियां और दीयों की मदद से ज्यामितीय या फूलों वाले डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हर दिन रंगोली का डिजाइन बदलने से सजावट में नयापन बना रहेगा।

मिट्टी के दीयों से रोशन करें घर: नवरात्र की सजावट में मिट्टी के दीयों की खूबसूरती अलग ही नजर आती है। पूजा स्थल, खिड़की, बालकनी या सीढ़ियों पर दीयों की कतार सजाएं। अलग-अलग आकार के दीयों को फूलों की पंखुड़ियों से सजी ट्रे में भी रखा जा सकता है। शाम के समय दीयों की हल्की रोशनी घर को आध्यात्मिक माहौल देती है।

बंधानी-शीशे वाले लटकन: अगर आप बिना ज्यादा खर्च के घर को रंगीन लुक देना चाहती हैं, तो बंधानी कपड़े और शीशे वाले राजस्थानी लटकन इस्तेमाल कर सकती हैं। इन्हें मुख्य दीवार या पूजा स्थल के पीछे सजाएं। दिन की रोशनी पड़ने पर छोटे शीशे चमकेंगे और कमरे में खूबसूरत सी-झिलमिलाहट नजर आएगी। रंग-बिरंगे लटकन भी नवरात्र के माहौल के साथ खूब मैच करते हैं।

सजाएं फूलों की मालाएं: इस बार सिर्फ एक लंबी माला लगाने के बजाय अलग-अलग फूलों की कई मालाओं से सजावट करें। गेंदे, गुलाब, गुलदाउदी जैसे फूलों की मालाओं को दरवाजे, खिड़की, पूजा स्थल या मंदिर के आसपास लगाया जा सकता है। हर दिन अलग रंग के फूलों का चुनाव करें। इससे सजावट में रोज थोड़ा बदलाव भी नजर आएगा और घर में फूलों की खुशबू भी बनी रहेगी।

खबर संक्षेप

अशोक कन्नौजिया के पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि

हांसी। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भारत सरकार के स्वतंत्र निदेशक अशोक कन्नौजिया के पिता स्वर्गीय बनी सिंह कन्नौजिया की रस्म पगड़ी पर सुभाष ड्रामाटिक क्लब में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। स्वर्गीय बनी सिंह कन्नौजिया का निधन 1 अक्टूबर को हुआ था।

साधक, मेडिटेशन करके हुए तरोताजा

हिसार। ओशो ध्यान उपवन में आयोजित किए गए मेडिटेशन सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान साधकों को ध्यान की विभिन्न विधियों से रूबरू करवाते हुए उनका अभ्यास करवाया गया। इसके साथ ही ओशो की देशनाओं से भी साक्षात्कार करवाया गया। मेडिटेशन सत्र के संचालक स्वामी संजय व मां सांची ने मेडिटेशन को नियमित रूप से जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित मेडिटेशन से इंसान डर, चिंता व अवसाद से मुक्त होकर आत्म-जागरूकता की तरफ अग्रसर होता है।

सेवा शिविर में 12 दिव्यांगों को उपलब्ध करवाए कृत्रिम अंग

हिसार। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन के 70वें जन्मदिवस पर सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा 110 लोगों की निशुल्क नेत्र जांच करके उचित परामर्श दिया व यथासंभव निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई। इसके साथ ही बुजुर्गों को चश्मे भी फ्री दिए गए।

महिला महाविद्यालय में पांच दिवसीय कला कार्यशाला

हिसार। राजकीय महिला महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पांच दिवसीय कला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं को रेजिन आर्ट, मधुबनी आर्ट, मंडला आर्ट और मार्बल आर्ट सहित विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने रंगों, आकृतियों, डिजाइनों और सजावटी तकनीकों के प्रयोग की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षक राजेश जांगड़ा और उनकी टीम ने छात्राओं को इन कलाओं की बारीकियों से अवगत करवाया।

स्वयंसेवकों ने जरूरतमंदों को दी किताबें और कॉपियां

नारनौंद । राजकीय महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शिव ज्योति बाल एवं महिला वृद्ध आश्रम नारनौंद का दौरा किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा इस आश्रम में मौजूद वंचित बच्चो को सहायता प्रदान की गई। स्कूल जाने वाले वंचित बच्चों को कॉपी, किताब, पेन, पेंसिल आदि स्टेशनरी दी गई तथा बच्चों के लिए गर्म कपड़े भी प्रदान किए गए। एनएसएस इकाई द्वारा वहां मौजूद बच्चों को खाने पीने का सामान भी दिया गया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुमन बडेसरा, अमित कुमार, सुमन, सनी आदि भी मौजूद रहे।

कटला रामलीला में आज दर्शकों को धनुषयज्ञ, सीता स्वयंवर व परशुराम संवाद देखने का मिलेगा अवसर

कटला रामलीला में दिखा रावण की तपस्या और अभिमान का अनूठा प्रसंग

तपस्या से वरदान हासिल करने के बाद अहंकार में डूबा रावण



हिसार। कटला रामलीला के मंचन का दृश्य। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ऐतिहासिक कटला रामलीला के दूसरे दिन रावण तपस्या व पृथ्वी पुकार के प्रसंग का मंचन किया गया। रामलीला में दर्शाया गया कि किस तरह कड़ी तपस्या से रावण ने वरदान हासिल किया और उसके बाद अहंकार में डूब गया। यही अहंकार उसे अधर्म के मार्ग पर ले गया और उसका पतन हो गया। इस प्रसंग से स्पष्ट हो गया कि ज्ञान और शक्ति तभी सार्थक हैं जब उनका विवेक, धैर्य और विनम्रता से इस्तेमाल किया जाए। कटला रामलीला के द्वितीय दिवस व्यवसायी राजेश गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान हितेश बंसल, अशोक आहूजा, भारत भूषण बंसल, मनोज गुप्ता, प्रेम बंसल, पवन गोयल व प्रदीप सर्राफ ने अतिथि के रूप में पहुंचकर रामलीला की शोभा बढ़ाई।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान विनोद गुप्ता, सचिव ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार लोहिया, उप प्रधान अनूप बिंदल, सह सचिव राजकुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य विनोद कंसल, राजेश बंसल, राधेश्याम अग्रवाल, चंद्रभान सोनी, दिनेश जैन, प्रवीन सिंगल, अशोक शर्मा, राजेश शर्मा, राजेंद्र बंसल नेताजी, राजकुमार गुप्ता, अंजनी, रामनिवास परसा, कमल गोयल, सूर्या गोयल, अंजनी कंसल, सत्यनारायण, जनकराज गुप्ता, विनोद वर्मा, नंदकिशोर, केशव सिंगल, रामपाल चौहान, पंकज गर्ग, वीरभान बंसल आदि उपस्थित रहे।

रामलीला हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक आस्था का सशक्त माध्यम



आदमपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने कहा है कि रामलीला हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक आस्था और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने के साथ-साथ जीवन में नैतिक मूल्यों और संस्कारों को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। कुलदीप बिश्नोई मंडी आदमपुर के लाइनपार क्षेत्र में श्री गणेश रामलीला सेवा समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान विधायक रणधीर पनिहार भी उनके साथ मौजूद रहे। कुलदीप बिश्नोई ने रामलीला मंचन के शुभारंभ पर आयोजक समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं और भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने नवरात्र महोत्सव के दौरान आयोजित मां दुर्गा के जागरण में भी शिरकत की।

श्रीराम और माता सीता का हुआ जन्म

हिसार। श्री बद्री-केदार रामलीला समिति, विद्युत नगर द्वारा आयोजित रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिजली निगम के मुख्य लेखा परीक्षक शिव शंकर मदान ने की। रामलीला के दूसरे दिन वृंदावन धाम, मथुरा (उत्तर प्रदेश) से आए स्वामी देवेंद्र शास्त्री के निर्देशन में आए कलाकारों ने भगवान श्रीराम के जन्म की दिव्य लीला का मनमोहक मंचन किया। इसके पश्चात माता सीता के प्राकट्य की पावन लीला को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। साथ ही रावण, कुंभकर्ण एवं विभीषण की घोर तपस्या का शानदार मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

श्रीहरि की लीला से टूटा नारद का अहंकार

नारनौंद। गांव लोहारी राघो की 77 साल पुरानी ऐतिहासिक रामलीला के दूसरे दिन मंच पर भक्ति, हास्य और रोमांच का ऐसा संगम देखने को मिला कि दर्शक भाव-विभोर हो उठे। श्रीरामा रामलीला क्लब के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में नारद लीला का सजीव मंचन किया गया। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय से न केवल पौराणिक प्रसंगों को जीवंत किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि तपस्या और ज्ञान के बावजूद अहंकार मनुष्य के पतन का कारण बन सकता है। मंचन के दौरान पूरा पंडाल श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालु भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। नारद लीला के मंचन की शुरुआत भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इसके बाद दिखाया गया कि देवर्षि नारद की घोर तपस्या से देवराज इंद्र का सिंहासन डोलने लगता है। नारद की तपस्या सफल होने की आशंका से भयभीत इंद्रदेव उनकी तपस्या भंग करने के लिए रंभा, उर्वशी और कामदेव को भेजते हैं, लेकिन उनके तमाम प्रयास विफल हो जाते हैं। तपस्या में सफलता मिलने पर नारद जी के मन में अहंकार उत्पन्न हो जाता है। इसके बाद भगवान विष्णु नारद के अहंकार को दूर करने के लिए ऐसी लीला रचते हैं, जो आगे



चलकर एक रोचक प्रसंग का रूप लेती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कलाकार जिंदर मुंडा, गोपी, ईश्वर, कैशियर जयपाल, राजकुमार सेठी, विजय कुमार, हैप्पी भयाना, रवि कंबोज, रामप्रकाश उर्फ टीटी मलिक, नंबरदार कृष्ण भ्याणा, सूबे सिंह और रामगोपाल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति तथा भारी तादाद में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

भगवान श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलें : सज्जन अठवाल



हिसार नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की ओर से मुलतानी चौक पार्क में बड़े पर्दे पर रामलीला का मंचन शुरू किया गया। रामलीला का शुभारंभ समाजसेवी सज्जन अठवाल और उनके पुत्र अनूप ने भगवान श्रीराम की आरती करके किया। लीला शुरू होते ही जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सभा के सदस्यों ने सज्जन अठवाल और उनके पुत्र अनूप को पटका पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सज्जन अठवाल ने कहा कि रामायण हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। रामायण का हर पात्र प्रेरणादायी है और प्रत्येक पात्र के जीवन से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर सत्य, मर्यादा और कर्तव्य के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का भी आह्वान किया।

होली चाइल्ड स्कूल के सक्षम व गर्वित छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। विद्यायल प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ सक्षम व गर्वित।

होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उद्यमिता उत्कृष्टता ओलंपियाड के फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कक्षा सातवीं के सक्षम और कक्षा दसवीं के गर्वित ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच और नवाचार की क्षमता के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। दोनों विद्यार्थी 16 अक्टूबर 2026 को हिंदू विद्यापीठ, सोनीपत के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले ग्रैंड फिनाले में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी होली चाइल्ड के विद्यार्थियों ने युवा उद्यमी प्रतियोगिता में जीत हासिल की थी।

विद्यार्थियों को इस उपलब्धि तक पहुंचाने में विद्यालय के एंटरप्रेन्योरशिप क्लब की प्रमुख शिवाली का विशेष मार्गदर्शन रहा है। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर.एस. सिंधु व प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने दोनों विद्यार्थियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों, रचनात्मक सोच और उद्यमशीलता के प्रति उनके उत्साह की सराहना की। साथ ही, उन्होंने आगामी फाइनल राउंड के लिए शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि दोनों विद्यार्थी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

मिट्टी की चीज तैयार करने के लिए कॉलेज के छात्रों को देंगे ट्रेनिंग



नारनौंद। राखीगढ़ी महोत्सव में मिट्टी के खिलौने सहित अन्य चीजों को तैयार करने के लिए कॉलेज के छात्रों को एक ही दिन में दो बैच बनाकर माटी कला बोर्ड की तरफ से ट्रेनिंग देने का काम किया जाएगा। यह बात माटी कला बोर्ड के चेयरमैन अनूप प्रजापति ने नारनौंद में भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेश वर्मा के आवास पर पत्रकार वार्ता में कहीं। उन्होंने बताया कि राखीगढ़ी काफी ऐतिहासिक जगह है। हजारों साल पुरानी सभ्यता हमारे देश का मान विदेश में भी बढ़ा रही है। सरकार ने राखीगढ़ी महोत्सव बनाने की जो शुरुआत की है इससे लोगों को काफी फायदा पहुंच पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय कलाकार इस महोत्सव में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इस महोत्सव में माटी से अलग-अलग प्रकार की चीज बनाने वाले करीब 500 कलाकार भाग लेंगे। उनकी ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी जो की हड़प्पा कालीन सभ्यता के बर्तन और खिलौने बनाकर लोगों को दिखा सकेंगे। इस अवसर पर पर पार्षद सुरेश एमसी, भाजपा नेता कुलदीप गौतम, बलवान वर्मा, ईश्वर, डॉ जगदीश, सुनील आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

सनातन धर्म कन्या स्कूल में मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

छात्राओं ने नाटक और कविता से दिया सामाजिक एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भगत सिंह रोड स्थित श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में महाराजा अग्रसेन जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से महाराजा अग्रसेन जी के जीवन, आदर्शों और समाज कल्याण में उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महाराजा अग्रसेन जी के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित लघु नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से समाज में समानता, सहयोग, सेवा और आपसी भाईचारे का संदेश दिया गया। इसके अलावा छात्राओं ने उनके व्यक्तित्व और महान विचारों पर आधारित कविता प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उपस्थित सदस्यों ने महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना बनाए रखने का संकल्प लिया।

नप ने पांच वार्डों में चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। शहर में सफाई के साथ स्वच्छता रैली निकालते नप सफाई कर्मचारी

शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर परिषद ने सोमवार को पांच वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया। डीएमसी एवं एडीसी लक्षित सरीन के मार्गदर्शन में दोपहर बाद शुरू हुए अभियान के तहत वार्ड नंबर 3, 7, 10, 14 और 20 में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया।

अभियान का उद्देश्य शहर की गलियों और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा रखते हुए नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाना है। नगर परिषद की ओर से संबंधित वार्डों में सफाई कार्य को प्राथमिकता देते हुए स्वच्छता व्यवस्था सुधारने के प्रयास किए गए। प्रशासन की योजना के तहत शहर के अलग-अलग वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विशेष सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि नियमित सफाई व्यवस्था को मजबूत किया जा सके और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी की समस्या को कम किया जा सके। नगर परिषद ने शहरवासियों से भी स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की।

नशा तस्करों पर कसें शिकंजा, कार्रवाई में लाएं तेजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

नशा तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए हांसी पुलिस अब तस्करी के संभावित ठिकानों पर निगरानी बढ़ाएगी। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने पुलिस अधिकारियों को नशा तस्करी के हॉटस्पॉट चिह्नित कर नियमित सर्च अभियान चलाने और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशे के खिलाफ अभियान में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने सोमवार को अपने कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर नशे के खिलाफ चल रहे अभियान की समीक्षा की। उन्होंने थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने तथा नशा तस्करी से संबंधित सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

रात में सड़कों पर उतरी हांसी पुलिस बाजारों में पैदल गश्त व नाकाबंदी तेज



हांसी। शहर में अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन की सुरक्षा मजबूत करने के लिए हांसी पुलिस ने रात्रि गश्त तेज कर दी है। बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई है। पुलिसकर्मी पैदल गश्त के साथ राइडर, एसएचओ मोबाइल और ईआरवी के जरिए लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं। वहीं, विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशानुसार पुलिस की टीमें अपने-अपने क्षेत्रों में गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रही हैं। खासकर रात के समय संवेदनशील स्थानों और बाजारों में पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि चोरी सहित अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। पैदल गश्त के दौरान पुलिसकर्मी बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। नाकाबंदी के दौरान वाहनों की जांच कर संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है, ताकि किसी भी संभावित अपराध पर समय रहते कार्रवाई की जा सके।

वैश्य पंचायती धर्मशाला में धार्मिक अनुष्ठान, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने की सुख-समृद्धि की कामना

महाराजा अग्रसेन जयंती पर 18 कुंडीय हवन और महाआरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। महाराजा अग्रसेन जयंती पर 18 कुंडीय हवन यज्ञ में सपत्नीक भाग लेते अग्रबंधु

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में अग्रबन्धु परिषद की ओर से रविवार को श्री वैश्य पंचायती धर्मशाला, बड़सी गेट के अंदर 18 कुंडीय हवन-यज्ञ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में 36 अग्रबन्धुओं ने अपनी पत्नियों के साथ हवन में आहुतियां अर्पित कीं। इसके अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर महाराजा अग्रसेन को नमन किया। हवन-यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां देकर समाज की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की गई। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश गुप्ता खरड़िया ने अपनी पत्नी शकुंतला के साथ विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रबन्धु परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने की।

ये रहे मौजूद

आयोजन को सफल बनाने में संस्था के संरक्षक कमलेश गर्ग, प्रवीण बंसल, संयोजक रजत अग्रवाल, मिथुन बंसल, विजय बंसल, अरुण आर्य, दिनेश गोयल और निशांत जिंदल सहित परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहयोग दिया।

स्वच्छता को दैनिक आदत बनाएं शहरवासी : मेयर



हिसार। सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को वार्ड 1 में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के दौरान मेयर प्रवीण पोपली ने श्रमदान किया। इस दौरान ग्रोवर मार्केट और आसपास के क्षेत्रों में सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। सफाई अभियान के दौरान सीएसआई राजेश, एएसआई विजेता, ग्रीन ड्रीम फाउंडेशन की रेनू सिंह, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र, सरदार इन्द्रजीत, अनिल, बलवंत बिश्नोई, कर्मचारी सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे। मेयर प्रवीण पोपली ने कहा कि प्रदेशभर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ शहर का निर्माण केवल प्रशासन के प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। लोगों को अपने घरों, दुकानों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई बनाए रखने के साथ-साथ कचरे का उचित निस्तारण भी सुनिश्चित करना चाहिए।

अमृतसर से अखंड ज्योति लेकर हिसार पहुंची यात्रा

हिसार। भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल, अमृतसर से अखंड ज्योति लेकर निकली यात्रा हिसार पहुंची। सामाजिक समरसता गतिविधि, हिसार के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव, समानता और एकता का संदेश प्रसारित करना है। यात्रा के हिसार सहित विभिन्न जिलों में पहुंचने पर गणमान्य व्यक्तियों, धार्मिक स्थलों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने श्रद्धापूर्वक अखंड ज्योति का स्वागत किया। यात्रा के दौरान सिरसा में चौधरी देवीलाल विवि और गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार, फतेहाबाद में पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा तथा हिसार में गुरु जंभेश्वर विवि के कुलसचिव विजय कुमार ने अखंड ज्योति का स्वागत किया।

सूचना

मैं, गुडडी देवी पत्नी गोपाल निवासी सीसवाल तहसील आदमपुर जिला हिसार बयान करती हूं कि मेरा पुत्र रवि कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सूचना

मैं, राहुल पुत्र श्री सुलतान सिंह निवासी गांव पुट्ठी मंगल खां तहसील हांसी जिला हांसी बयान करता हूं कि मैंने अपना चालक लाइसेंस नं. HR-21 20240002708 दिनांक 18.10.2024 को बनवाया था। जिसमें मेरे पिता जी का नाम सुलतान (Sultan) दर्ज है। जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पिता जी का नाम सुलतान सिंह (Sultan Singh) दर्ज है। अब मैं अपने लाइसेंस में अपने पिता का नाम सुलतान (Sultan) के स्थान पर सुलतान सिंह (Sultan Singh) दर्ज करवाना चाहता हूं जोकि सही व दुरूस्त है।

खबर संक्षेप

साहित्यकार सैनी के लघु कविता संग्रह किसान की व्यथा-कथा का लोकार्पण

हिसार। वरिष्ठ साहित्यकार जयभगवान सैनी के लघु कविता संग्रह किसान की व्यथा-कथा का लोकार्पण प्रदेश स्तरीय साहित्यिक कार्यक्रम में किया गया। अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान कुरुक्षेत्र एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच सिरसा द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त रूप से किया गया। लघु कविता के विकास, संवर्धन एवं सृजन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए हरियाणा प्रादेशिक हिंदी साहित्य सम्मेलन सिरसा द्वारा संचालित हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच द्वारा डॉ. जयभगवान सैनी को इस समारोह में लघुकविता सर्वोत्तम सम्मान-2026 से नवाजा गया।

अंशु ने प्रदेश स्तरीय खो-खो में जीता स्वर्ण पदक

हिसार। पलवल में आयोजित राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भारत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खरड़-अलीपुर के विद्यार्थी अंशु पुत्र सतीश कुमार ने अंडर-14 खो-खो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ अंशु ने अपने गांव, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। उसकी इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर गांव लौटने पर भारत स्कूल में अंशु का जोरदार स्वागत किया गया।

बहु-विषयक प्रदर्शनी में छात्रों के हुनर को सराहा

हिसार। बीडी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में उत्साह और रचनात्मकता से भरपूर भव्य बहु-विषयक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेविका पूनम नागपाल ने गुब्बारों की डोर को काटकर प्रदर्शनी को सफलता की ओर अग्रसर किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों के नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की अद्भुत झलक देखने को मिली। छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरण ऊर्जा और रोबोटिक्स पर आधारित कई आकर्षक कार्यशील मॉडल प्रस्तुत किए। सामाजिक विज्ञान के अनुभाग में विभिन्न राज्यों की संस्कृति की विविधता को सुंदर मॉडलों और चार्ट्स के माध्यम से दर्शाया। अतिथि पूनम नागपाल ने सभी विद्यार्थियों के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

18 साल बाद भी नहीं बना पंजाबी समाज का धाम

हिसार। सर्वजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर चावला ने कुरुक्षेत्र में पंचनद स्मारक ट्रस्ट के अंतर्गत पंजाबी समाज का धाम बनाए जाने में हो रही देरी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि धाम के निर्माण के नाम पर पंजाबी समाज के लोगों से करोड़ों रुपये चंदे के रूप में एकत्र किए गए थे, लेकिन करीब 18 वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा होना तो दूर, इसकी स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। उन्होंने सरकार से चंदे की राशि का पूरा हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। चावला ने कहा कि उस समय हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल ने पंजाबी समाज को कुरुक्षेत्र में धाम बनाने का आश्वासन दिया था।

जीएम के साथ बैठक के बावजूद वेतन-भत्तों समेत अन्य समस्याएं ज्यों की त्यों

लंबित मांगों का समाधान नहीं, संघर्ष समिति बड़े आंदोलन की तैयारी में

- विभिन्न मांगों पर 21वें दिन भी आंदोलन पर डटे रहे रोडवेज कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

कर्मचारियों की लंबित मांगों और वेतन-भत्तों के भुगतान की मांग पर चल रहे आंदोलन के बीच सोमवार को महाप्रबंधक की ओर से बुलाई गई बैठक के बावजूद समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। आंदोलन को 21 दिन हो चुके हैं, लेकिन कर्मचारियों की मांगों के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठने से उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। सांझा संघर्ष समिति ने अब बड़े आंदोलन की तैयारी शुरू करने का फैसला लिया है। कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए समिति हरसंभव प्रयास करेगी। जब तक मांगों का उचित समाधान नहीं होता, संघर्ष जारी रहेगा।



हिसार। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते प्रवक्ता संदीप जैनावास।

मांगों को लंबित रखना दुर्भाग्यपूर्ण

सांझा संघर्ष समिति के प्रेस प्रवक्ता संदीप जैनावास ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को लगातार लंबित रखना दुर्भाग्यपूर्ण है। कर्मचारियों को अपने मेहनत से अर्जित वेतन-भत्तों और अन्य वित्तीय लाभों के लिए लंबे समय से संघर्ष करना पड़ रहा है। बार-बार बैठकें होने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं होना कर्मचारियों में भारी रोष पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि सांझा संघर्ष समिति अब स्टेट सांझा मोर्चा और हिसार कमिश्नरी के साथ बातचीत कर आगामी बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेगी।

मार्केट कमेटी कार्यालयों पर किसान कल करेंगे तीन घंटे तालाबंदी

- एमएसपी से नीचे फसल खरीदने और पोर्टल की शर्तों के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन

हांसी। अनाज मंडियों में धान और बाजरे की खरीद में कथित अनियमितताओं तथा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम भाव मिलने के विरोध में 14 अक्टूबर को प्रदेशभर में मार्केट कमेटी कार्यालयों पर तीन घंटे की तालाबंदी की जाएगी। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर होने वाले इस प्रदर्शन में ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन (एआईकेकेएमएस) भी भाग लेगा। संगठन के जिला संयोजक मास्टर विजेंद्र जीतपुरा ने बताया कि मंडियों में फसल बेचने के दौरान किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार की ओर से खरीद के लिए लगाई गई शर्तों के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों की फसलें घोषित एमएसपी से कम कीमत पर खरीदी जा रही हैं और सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने में विफल साबित हुई है। विजेंद्र जीतपुरा ने कहा कि धान और बाजरे की खरीद पर प्रति एकड़ सीमा, जिलों से संबंधित शर्तों और पोर्टल के माध्यम से लागू की जा रही कथित अनुचित शर्तों के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में दिक्कतें आ रही हैं। इन मुद्दों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के सभी घटक संगठनों ने एकजुट होकर प्रदेशव्यापी संघर्ष करने का निर्णय लिया है।



हिसार। सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

पूनम मनचंदा बनीं मकाम की प्रांतीय अध्यक्ष

हिसार। महिला काव्य मंच (मक़ाम) हरियाणा का वार्षिक समारोह पंचकूला में साहित्यिक उल्लास, काव्यात्मक अभिव्यक्ति और सम्मानपूर्ण माहौल के बीच भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन मक़ाम ट्रस्ट की अध्यक्ष नियति गुप्ता और मक़ाम के संस्थापक डॉ. नरेश नाज़ के सानिध्य में हुआ, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता और संचालन राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा ने किया। समारोह के दौरान हिसार की साहित्यिक प्रतिभाओं का दबदबा रहा। हिसार इकाई की अध्यक्ष पूनम मनचंदा को हरियाणा प्रांत का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उत्कृष्ट सक्रियता, साहित्यिक सहभागिता और संगठनात्मक योगदान के लिए हिसार इकाई को सर्वश्रेष्ठ इकाई का सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर हिसार इकाई से उपाध्यक्ष डॉ. दवीना ठकराल और महासचिव सुनीता जनावा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। इस काव्यात्मक सफर में पूनम मनचंदा, नीरज मनचंदा, डॉ. दवीना ठकराल, सुनीता जनावा, सुदेश कम्बोज, रूझान चौधरी, सुमन खंडेलवाल, एकता कोचर रेलन, रेणु शर्मा, डॉ. कंचन प्रभाती, हिमांशी, डॉ. उमा गर्ग, ममता प्रवीण, डॉ. मंजू चावला, ऋतु बरकी, डॉ. सीमा बिरला, सुमन लूथरा और कुसुम धीमान 'कलिका' सहित अनेक रचनाकारों ने समां बांधा।

महाराजा अग्रसेन चौक की रखी नींव



हिसार। महाराजा अग्रसेन चौक की नींव रखती विधायक सावित्री जिंदल।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन जयंती पर प्रस्तावित भव्य महाराजा अग्रसेन चौक के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच आयोजित हवन यज्ञ से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि व श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। समारोह की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं हिसार की विधायक सावित्री जिंदल रहीं। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के पार्षद एवं हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष संजय डालमिया ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्षद एवं वैश्य महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष संजय डालमिया ने विधायक सावित्री जिंदल और नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली के समक्ष मांग रखी कि इस चौक तथा इससे जुड़ने वाले प्रमुख मार्ग का नाम आधिकारिक रूप से महाराजा अग्रसेन के नाम पर ही रखा जाए, ताकि समाज के प्रति उनके योगदान को स्थायी पहचान मिल सके। इस अवसर पर नगर निगम मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, दीपचंद राजलीवाला, श्योराम अग्रवाल, नरेश बंसल आदि मौजूद थे।

जयंती मनाई

आदमपुर। महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन चौक पर माल्यार्पण कर केक काटकर ढोल-नगाड़ों के साथ लड्डू बांटे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के प्रधान घीसाराम जैन, व्यापार मंडल के संरक्षक तरसेम गोयल, सरपंच जगत अग्रवाल, रामप्रसाद गर्ग, प्रेम बंसल, राजेन्द्र सारंगपुरिया, राजकुमार बंसल, सुभाष गर्ग, गौरव सिंगला, अमित गोयल, दिनेश गर्ग, नरेश गोयल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो अग्रवाल भवन में संपन्न हुई। भवन में हिसार से डा. मोहन तनेजा ने अपने भजनों से सबको भावविभोर कर दिया।

प्रश्नोत्तरी में माधव छात्रावास लाडवा और एवीएम स्कूल दुर्जनपुर रहे प्रथम

हिसार। भारत विकास परिषद् की विवेकानंद शाखा, हिसार की ओर से गोयन्का सेवा सदन, देवी भवन मंदिर में शाखा स्तरीय 'भारत को जानो' प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं 'गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन' कार्यक्रम हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दिए। प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में माधव छात्रावास, लाडवा की टीम ने 100 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सेंट जोसफ स्कूल ने 45 अंक लेकर दूसरा तथा शांति देवी स्कूल ने 25 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में एवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दुर्जनपुर की टीम ने 120 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। बी.एस. मॉडर्न स्कूल, हिसार ने 50 अंक लेकर दूसरा तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नियाणा ने 30 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दोनों वर्गों की विजेता टीमें अब प्रांतीय स्तर की प्रतियोगिता में विवेकानंद शाखा, हिसार का प्रतिनिधित्व करेंगी। कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं शाखा सदस्य डॉ. कमल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समाजसेवी विजय कौशिक एवं धर्मेंद्र गोयल (टीकू) अतिविशिष्ट अतिथि रहे। समाजसेवी पवन रावलवासिया और एस.एम. आनंद एडवोकेट ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद्, हरियाणा पश्चिम प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष दीपक शर्मा ने की, जबकि जिला समन्वयक ऋषिराज बुड़ाकिया पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। शाखा के पूर्व अध्यक्ष अमर गोयल ने स्वागत अध्यक्ष की भूमिका निभाई। शाखा की ओर से इस शैक्षणिक गतिविधि के लिए 70 स्कूलों से संपर्क किया गया था। इनमें से 60 स्कूलों के 18 हजार 675 विद्यार्थियों ने 'भारत को जानो' की लिखित परीक्षा दी।



वीडीजेएस में स्टेनलेस स्टील के विज्ञान से रूबरू हुए विद्यार्थी

- जिंदल स्टेनलेस के विशेषज्ञ ने रसायन विज्ञान व निर्माण प्रक्रिया की दी विस्तृत जानकारी
- विद्यार्थियों ने जाने क्रोमियम ऑक्साइड के सुरक्षा चक्र और उद्योग में करियर के अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

जिंदल स्टेनलेस के सहयोग से विद्या देवी जिंदल स्कूल में कक्षा 11वीं और 12वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। 'स्टेनलेस स्टील – वह धातु जिसमें जंग नहीं लगता और इसके पीछे का रसायन विज्ञान' विषय पर आधारित इस सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी सिद्धांतों को वास्तविक उद्योग के व्यावहारिक उपयोगों से जोड़कर समझाना था। सत्र का संचालन जिंदल स्टेनलेस हिसार प्लांट के अनुसंधान एवं विकास विभाग के एसोसिएट जनरल मैनेजर डॉ. अर्नब कुंडू ने किया। उन्होंने परमाणु संरचना, आवर्त सारणी, मिश्र धातु, ऑक्सीकरण और पदार्थों के गुणधर्मों को स्टेनलेस स्टील के निर्माण से जोड़कर बड़े ही सरल ढंग से समझाया। विद्यार्थियों को बताया गया कि स्टील में क्रोमियम मिलाने पर बनने वाली क्रोमियम ऑक्साइड की पतली सुरक्षात्मक परत इसे संक्षारण और जंग से बचाती है। सत्र के दौरान स्टेनलेस स्टील की चार मुख्य श्रेणियों ऑस्टेनिटिक, फेरिटिक, मार्टेंसिटिक और डुप्लेक्स के बारे में विस्तार से बताया गया। विज्ञान के साथ-साथ सत्र में स्टेनलेस स्टील उद्योग से जुड़े अनुसंधान, इंजीनियरिंग, विनिर्माण और सामग्री विज्ञान में भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।



हिसार। जिंदल स्टेनलेस हिसार प्लांट के अनुसंधान एवं विकास विभाग के एसोसिएट जनरल मैनेजर डॉ. अर्नब कुंडू के साथ स्कूल स्टाफ व छात्राएं।

करियर चयन में मिलेगी मदद : नैना

विद्यालय की प्रधानाचार्या नैना ढिल्लन ने कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों को कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को वास्तविक दुनिया से जोड़ने का अवसर देते हैं। उद्योग विशेषज्ञों के साथ इस सीधे संवाद से विद्यार्थियों का दृष्टिकोण व्यापक होता है और उन्हें भविष्य में शैक्षणिक व करियर विकल्पों का चयन करने में मदद मिलती है। यह पहल अनुभवात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम है।



हिसार। लुवास के दौरे पर पहुंचे विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों के प्रति किया जागरूक

हिसार। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, तितरम (कैथल) के 60 विद्यार्थियों ने लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों को पशु चिकित्सा एवं पशुपालन शिक्षा के क्षेत्र में संचालित शैक्षणिक और अनुसंधान गतिविधियों से परिचित करवाया गया। विश्वविद्यालय पहुंचने पर विद्यार्थियों और उनके साथ आए विद्यालय के शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों का स्वागत पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अनीश यादव तथा पशु चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनीता दलाल ने किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर का दौरा किया और वहां की कार्यप्रणाली को समझा। विद्यार्थियों को पशुओं की उचित देखभाल, पशु कल्याण और उनके स्वास्थ्य संरक्षण में पशु चिकित्सकों की भूमिका के बारे में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की केंद्रीय प्रयोगशाला के साथ पशु चिकित्सा सूक्ष्मजीव विज्ञान, पशु जैव प्रौद्योगिकी, पशु परजीवी विज्ञान, पशु चिकित्सा जन स्वास्थ्य एवं महामारी विज्ञान, पशु रोग विज्ञान और पशु औषध विज्ञान विभागों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पशुओं से मनुष्यों में फैलने वाले रोगों, विशेषकर ब्रूसेलोसिस और तपेदिक (टीबी), के बारे में जानकारी दी गई।

देश के विकास में सीए की विशेष भूमिका : सावित्री

सीए स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोह लिया मन



हिसार। एनआईआरसी के कार्यक्रम आनंदम में कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी।

हिसार। चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा आनंदम धूमधाम से आयोजित किया गया। इस दौरान सीए स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया और खूब तालियां बटोरी। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में आयोजित किए गए आनंदम में पूर्व कैबिनेट मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। इस दौरान एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अजय गोयल व एनआईसीएएसए हिसार के चेयरमैन सीए प्रतीक आर्य सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यातिथि सावित्री जिंदल ने सीए स्टूडेंट्स की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सीए की देश के विकास में विशेष भूमिका होती है। इसलिए हर सीए को पूरी तत्परता से अपना कार्य करना चाहिए। यूथ फेस्टिवल के दौरान मोटिवेशनल स्पीकर सीए नेहा दत्ता व मोटिवेशनल स्पीकर सीए रोहित मलिक ने अपने वक्तव्य से विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने और श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। यूथ फेस्टिवल में एनआईसीएएसए हिसार के वाइस चेयरमैन सारांश गोयल, सचिव प्रणाम गोयल, कोषाध्यक्ष शुभम मित्तल व ग्रीवेंस हेड प्रियांशी मित्तल सहित सभी टीम सदस्यों की विशेष भूमिका रही।

कृष स्केटिंग अकेडमी के खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक



उकलाना। टोहाना में आयोजित राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में कृष स्केटिंग अकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से अकेडमी और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में मयंक ने दो स्वर्ण पदक, भविष्या ने दो रजत पदक, गरीश ने एक कांस्य पदक, प्रियंशु ने एक कांस्य पदक, तेजस ने दो कांस्य पदक तथा लवदीप ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अकेडमी के प्रशिक्षक कृष ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, अनुशासन और नियमित अभ्यास का परिणाम है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

उपलब्धि मलेशिया में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत लौटा हिसार का लाल

ओलंपिक में देश के लिए मेडल जीतना ही अब सपना : हिमांशु

पदक विजेता का विद्यालय पहुंचने पर होगा भव्य स्वागत, 17 वर्ष की उम्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

श्रवण एवं वाणी निशक्त जन कल्याण केंद्र के लिए एक बेहद गर्व और खुशी का क्षण सामने आया है। विद्यालय की कक्षा 12वीं के 17 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी हिमांशु ने मलेशिया में आयोजित एशिया-पैसिफिक चैंपियनशिप में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए डिस्कस थ्रो स्पर्धा में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत, हरियाणा और हिसार जिले का नाम रोशन कर हिमांशु 11 अक्टूबर को स्वदेश लौटे। मात्र 17 वर्ष 6 महीने की कम उम्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व कर पदक जीतना हिमांशु की कड़ी मेहनत, अटूट अनुशासन और दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है। हिमांशु की इस शानदार सफलता पर केंद्र के सहायक निदेशक अमित चौधरी ने उन्हें भारत लौटने पर बधाई दी। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक हरिओम कौशिक ने खुशी जताते हुए कहा कि हिमांशु के विद्यालय परिसर पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। मलेशिया से लौटने के बाद हिमांशु ने अपने भविष्य के इरादे स्पष्ट किए। उन्होंने कहा कि मेरा एकमात्र सपना अब ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतकर अपने देश, राज्य और हिसार जिले का नाम रोशन करना है।



कांस्य पदक विजेता हिमांशु।

मां सुमन देवी बनीं सबसे बड़ी ताकत

हिमांशु की इस सफलता के पीछे उनकी मां सुमन देवी का विशेष योगदान रहा है, जो स्वयं इसी केंद्र में कंप्यूटर अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं। बेटे की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्होंने बताया कि वे हिमांशु के खान-पान, संतुलित आहार, और अनुशासित दिनचर्या का विशेष ध्यान रखती हैं ताकि अभ्यास के दौरान उसे पर्याप्त ऊर्जा मिले। सुमन देवी ने कहा कि अपने बेटे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगे के साथ देखना उनके जीवन का सबसे सुखद क्षण है और उन्हें पूरा विश्वास है कि हिमांशु एक दिन ओलंपिक पदक का सपना भी जरूर पूरा करेगा। कठिन परिस्थितियों के बावजूद निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच के बल पर हिमांशु द्वारा हासिल की गई यह उपलब्धि अन्य दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक मिसाल बन गई है। पूरे विद्यालय परिवार और क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि हिमांशु भविष्य में भी अपनी इस उत्कृष्ट फॉर्म को बनाए रखते हुए देश के लिए कई और पदक जीतेंगे।

अप्रेंटिसशिप मेले में 150 युवाओं ने आजमाई किस्मत, 110 का चयन



हांसी। तकनीकी योग्यता के दम पर रोजगार पाने की उम्मीद लेकर पहुंचे युवाओं के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 17 कंपनियों ने भाग लिया, जहां करीब 150 अभ्यर्थियों ने अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसरों के लिए अपनी योग्यता प्रस्तुत की। चयन प्रक्रिया के बाद विभिन्न कंपनियों ने 110 अभ्यर्थियों का चयन किया। मेले में यूनो मिंडा, हीरो मोटोकॉर्प और सुब्रोस लिमिटेड सहित कई कंपनियों के प्रतिनिधि पहुंचे। कंपनियों की ओर से अभ्यर्थियों की तकनीकी दक्षता और योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की गई। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध करवाने के साथ रोजगार के अवसरों से जोड़ना रहा। संस्थान के प्रधानाचार्य भूप सिंह ने कहा कि अप्रेंटिसशिप युवाओं को औद्योगिक क्षेत्र में काम करने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करती है। इससे तकनीकी कौशल निखारने और उद्योगों की कार्यप्रणाली समझने में मदद मिलती है, जिससे युवाओं की रोजगार पाने की क्षमता मजबूत होती है। उप-प्रधानाचार्य अनुज कुमार और अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कंपनियों की भागीदारी की सराहना की।